महत्वपूर्ण

प0सं0 - वि0अनु0शा0/ मु0/ स0प0/ 2023-24/ 16/ प्राथमिक रिपोर्ट/ 1109 / राज्य कर

कार्यालय, आयुक्त राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
(वि0अनु0शा0 अनुभाग, लखनऊ)
दिनांक: 8 अगस्त, 2023

समस्त
अपर आयुक्त ग्रेड - 1, राज्य कर
अपर आयुक्त ग्रेड - 2 (वि0अनु0शा0), राज्य कर
संयुक्त आयुक्त (वि0अनु0शा0), राज्य कर
उत्तर प्रदेश।

विषय: वि0अनु0शा0 इकाइयों द्वारा जांच कार्य हेतु संपादित किए जाने वाले केस प्रोफ़ाइल, INS-01, पंचनामा, प्राथमिक रिपोर्ट तथा अन्य समस्त अग्रेत्तर कार्यवाहियों को BO Web पोर्टल पर फीड किए जाने के संबंध में।

मुख्यालय के पत्र संख्या - 1079 दिनांक: 02-08-2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा वि0अनु0शा0 जांच के दौरान प्रवर्तन मैन्युअल में दिये गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए यथोचित रूप से केस प्रोफ़ाइल तैयार की जाये तथा पंचनामा एवं प्राथमिक रिपोर्ट में समस्त तथ्यों का उल्लेख कर निष्कर्ष अंकित करते हुए जांच के दौरान कर व अर्थदण्ड आदि के रूप में जमा करायी गयी धनराशि का समावेश कर इंट्री मॉड्यूल में निर्धारित तथ्यों को फीड किए जाने की अपेक्षा की गयी थी।

यह भी संज्ञान में आया है कि उक्त समस्त तथ्यों को अपलोड करने की व्यवस्था GSTN द्वारा विकसित boweb पोर्टल पर भी उपलब्ध है। जिसमें जांच हेतु तैयार किए गए केस प्रोफ़ाइल, INS-01, पंचनामा, INS-02, प्राथमिक रिपोर्ट व ऑनलाइन समन जारी करने की व्यवस्था के साथ-साथ वि0अनु0शा0 संबंधी समस्त कार्यवाही हेतु प्रक्रिया निर्धारित है। वि0अनु0शा0 अधिकारियों द्वारा boweb पोर्टल पर केस प्रोफ़ाइल अपलोड करते हुए INS-01 जारी किया जा रहा है परंतु अग्रेत्तर कार्यवाही संपादित नहीं की जा रही है। जिसके कारण विभागीय कार्यों की समीक्षा हेतु boweb पोर्टल पर MIS रिपोर्ट जनरेट नहीं हो पा रही है।

अतः उक्त के दृष्टिगत निर्देशित किया जाता है कि जांच के दौरान प्रवर्तन मैन्युअल में दिये गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए यथोचित रूप से केस प्रोफ़ाइल तैयार की जाये तथा पंचनामा एवं प्राथमिक रिपोर्ट में समस्त तथ्यों का उल्लेख कर निष्कर्ष अंकित करते हुए जांच के दौरान कर व अर्थदण्ड आदि के रूप में जमा करायी गयी धनराशि का समावेश कर विभागीय MIS पोर्टल पर अपलोड करने के साथ-साथ GSTN द्वारा boweb पोर्टल पर विकसित National Enforcement Module में समस्त तथ्यों एवं विवरणों की प्रविष्टि भी सम्यान्तर्गत फीड कराना सुनिश्चित किया जाये। तदनुसार boweb पोर्टल से MIS रिपोर्ट जनरेट हो सके।

उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

8/8/23
(मिनिस्ती एस0)
आयुक्त, राज्य कर
उत्तर प्रदेश।